## कलेक्टर के निर्देश पर आबकारी विभाग ने आधा दर्जन गांवों में दी दबिश

# शराब तस्करी पर बड़ी कार्यवाही, 1.12 लाख की अवैध मदिरा एवं लाहन जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

लोकसभा निर्वाचन के मद्देनजर जिले में अवैध मदिरा विनिर्माण, परिवहन व विक्रय के रोकथाम हेतु कलेक्टर अवि प्रसाद के निर्देशन में आबकारी टीम द्वारा लगातार जिले के विभिन्न संदिग्ध इलाकों में मदिरा के अवैध निर्माण एवं विक्रय को प्रतिबंधित करने हेतु दबिश कार्यवाही की जा रही है।

विशेष अभियान के तहत आबकारी अधिकारी आर.के. बघेल के निर्देशन में आबकारी वृत्त कटनी क्रमांक 03 के ग्राम सलैया, गोवराधरी, टेडी, मानपुर एवं बिचपुरा में मदिरा का अवैध रुप से निर्माण, संग्रहण एवं विक्रय कर रहे लोगों के यहां दबिश दी जाकर प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की गई। कार्यवाही के दौरान आबकारी की टीम द्वारा 1080 किलोग्राम महुआ लाहन, 30 लीटर अवैध हाथ भट्टी मदिरा जप्त की गई तथा 3 न्यायालयीन प्रकरण पंजीबद्ध किये गये। दबिश के दौरान मौके पर ही महुआ लाहन का सैंपल लिया जाकर नष्ट किया गया। जप्त लाहन तथा मदिरा की अनुमानित राशि लागत 1 लाख 12 हजार 500 रूपये है।



कार्यवाही के दौरान आबकारी उपनिरीक्षक अभिषेक सिंह, केशव प्रसाद उईके, अतुल कुटार आबकारी आरक्षक शिवमूरत नामदेव, रामसिंह, वीना व्रम्हवंशी सम्मिलित रहे। आबकारी अधिकारी श्री बघेल ने बताया की लोकसभा निर्वाचन के मद्देनजर जिले में अवैध मदिरा के विरुद्ध प्रतिबंधात्मक कार्यवाही लगातार जारी रहेगी।



### स्लीमनाबाद पुलिस ने 23 हजार रूपए कीमती देशी शराब जब्त

स्लीमनाबाद थाना प्रभारी अखिलेश दाहिया एवं उनकी टीम द्वारा लोकसभा चुनाव के मद्दे नजर क्षेत्र में भ्रमण कर अवैध गतिविधियों की रोकथाम हेतु क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर गस्त किया जा रहा है। भ्रमण के दौरान सूचना पर ग्राम कनौजा चहली घाट में एक व्यक्ति रामकुमार यादव पिता स्वर्गीय धनी राम से करीब पांच पेटी शराब जिसमें कुल 230 पाव देसी प्लेन व मसाला शराब बेचने की फिराक में रखे हुए पकड़ी गयी। पकड़ी गई शराब की कीमती 23 000 रुपए बताई जा रही है। शराब जप्त कर धारा 34-ए आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण पंजीकृत किया गया।



## आचार संहिता का न हो उल्लंघन, शांतिपूर्ण तरीके से मनाए त्यौहार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

लोकसभा चुनाव और आगामी दिनों में आने वाले होली,चैत्र नवरात्रि और ईदुल फितर पर्व को लेकर ढीमरखेड़ा पुलिस थाना प्रांगण में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। थाना प्रभारी मोहम्मद शाहिद खान ने कहा कि होली और ईदुल फितर का पर्व हिन्दू मुस्लिम दोंनो ही भाईचारे के साथ मनाए। कोई भी व्यक्ति एक दूसरे से विवाद न करे। एक दूसरे को जबरदस्ती रंग गुलाल न लगाएं। लड़ाई झगड़े हो तो इसकी जानकारी पुलिस को दें। तहसीलदार आशीष अग्रवाल ने कहा कि लोकसभा चुनाव के चलते इन दिनों अचार संहिता प्रभावशील है। उन्होंने कहा कि सभी लोग अचार संहिता के नियमों का पालन करें। शासकीय भवन और धार्मिक स्थल, बिजली खंभों में राजनैतिक झंडा, बैनर न लगाएं। यदि कोई व्यक्ति घर में भी किसी भी राजनैतिक दल का बैनर या झंडा लगाता है तो इसके लिए संबंधित व्यक्ति को अपनी सहमति देनी होगी।निर्वाचन आयोग के निर्देशों का उल्लंघन करने पर कार्रवाई होगी। कहा कि बिजली तारों और फसलों के समीप होलिका का जलाएं। बैठक में मंदा शर्मा सुरेश कुमार सोनी अनंदी पटेल राधेश शर्मा रामखेलावन मिश्रा राजेश त्रिपाठी संतोष यादव मुनी पटेल सोनू यादव विनय ज्योतिषी एवं समस्त थाना स्टाफ सहित अन्य लोंगो की उपस्थिति रही।

## खबर संक्षेप

### होली पर्व के लिए सौंपी गई जिम्मेदारियां

**कटनी।** आगामी 24 मार्च होलिका दहन और 25 मार्च को धुरेड़ी पर्व उत्साह उमंग और हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। इन पर्वों पर सतर्कता एवं संवेदनशीलता बनाए रखने के साथ.साथ जरूरी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के लिए कटनी नगर निगम आयुक्त विनोद कुमार शुक्ल द्वारा सभी विभागों के संबंधित अधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपी गई है। शहर के सभी सार्वजनिक स्थलों एवं वार्डों में बंद स्ट्रीट लाइट को चालू कराने प्रकाश की समुचित व्यवस्था करने टैंकर के माध्यम से पेयजल आपूर्ति करने मुख्य मार्ग स्थान गली मोहल्ला जहां पर होलिका दहन के कार्यक्रम संपन्न होने हैं विशेष साफ सफाई चूने की लाइन की व्यवस्था करने दुर्घटनाओं पर नियंत्रण रखने हेतु फायर ब्रिगेड एवं अग्निशमन वाहन को 24 घंटे तैयार रखने अतिक्रमण दस्ता शहर में पेट्रोलिंग करने के निर्देश दिए गए।

### होली पर हुरदंग करने वालों पर होगी कार्यवाही



**कटनी।** कोतवाली पुलिस ने थाना क्षेत्र में फ्लैग मार्च निकाला। इस दौरान प्रशासन ने आम जनता से प्रशासन एवं पुलिस का सहयोग कर शांति व्यवस्था बनाये रखने की अपील की। लोकसभा चुनाव को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस अधीक्षक अभिजीत रंजन के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष डेहरिया, नगर पुलिस अधीक्षक श्रीमती ख्याति मिश्रा, एसडीओपी स्लीमनाबाद अखिलेश गौर, एसडीओपी विजयराघवगढ़ केपी पटेल की उपस्थिति में कटनी पुलिस बल ने आज थाना कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत कस्बे में फ्लैग मार्च किया। फ्लैग मार्च के दौरान अधिकारियो ने आम जनता से चुनाव के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने पुलिस तथा प्रशासन का सहयोग करने एवं भय मुक्त होकर मतदान करने की अपील की। होली पर्व पर भी हुड़दंग कर त्योहार बिगाड़ने वालों के खिलाफ पुलिस प्रशासन ने सख्ती से कार्रवाई की बात कही है। साथ ही लोगों से यह भी अपील की कि किसी भी व्यक्ति ने अचार संहिता का उल्लंघन किया तो उसके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### पौधारोपण में शामिल हुए कलेक्टर ने रोपा पौधा



**बड़वारा।** नवोदय विद्यालय बड़वारा में जिला कलेक्टर अवि प्रसाद के मार्गदर्शन एवम सौजन्य से पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कलेक्टर श्री प्रसाद ने जवाहर नवोदय विद्यालय में हर जगह का निरीक्षण किया मेस का भी निरीक्षण किया तथा उच्च मानकों व गुणवत्ता की सराहना की। विद्यालय में निर्माणाधीन संगीत कक्ष का भी कलेक्टर ने अवलोकन किया। इस दौरान बड़वारा जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी के के पांडेय, जवाहर नवोदय विद्यालय बड़वारा के प्राचार्य आर के शेजवार, विड़ला व्हाइट के यूनिट हेड अंजनी पाण्डे मौजूद थे। विद्यालय में पौधारोपण के लिए विड़ला व्हाइट के यूनिट हेड अंजनी पाण्डे के सौजन्य से 1000 एक हजार आम के पौधे प्रदाय किये। सभी उपस्थित अधिकारियों व गणमान्य जनों का प्राचार्य आर के शेजवार ,वरिष्ठ शिक्षक आर के ठाकुर एवम विद्यालय के स्टाफ के द्वारा स्वागत किया गया। विद्यालय से सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन पी के सिंह पीजीटी हिंदी ने किया। विद्यालय स्टाफ छात्र छात्राएं उपस्थित रहीं। पौधरोपण पर्यावरण के प्रति जागरूकता लाने एवम हरितता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित किया गया।

*विजयराघवगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम जटवारा खुर्द में हादसा*

## बैक करते समय ट्रैक्टर सहित कुएं में गिरा वृद्ध, तत्परता से बची जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

विजयराघवगढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम जटवारा खुर्द में उस समय अफरा तफरी का माहौल निर्मित हो गया जब ट्रैक्टर को बैक करने के प्रयास में एक वृद्ध खेत में बने कुएं के अंदर ट्रैक्टर सहित गिर गया। घटना की सूचना जैसे ही ग्रामीणों को लगी तो पूरे गांव में खलबली मच गई।

स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने भी बिना समय गंवाए वृद्ध की जान बचाने देवदूत बनकर घटना स्तर पर जा पहुंची। कड़ी मशक्कत के बाद 60 वर्षीय वृद्ध को कुएं से सुरक्षित बाहर निकलवाया गया और शरीर में लगी चोटों के कारण उसे इलाज के लिए विजयराघवगढ़ स्थित शासकीय अस्पताल भिजवाया गया। वृद्धि की हालत बेहतर बताई जा रही है।



जानकारी देते हुए विजयराघवगढ़ थाना प्रभारी रितेश शर्मा ने बताया कि फोन के द्वारा स्थानीय लोगों ने सूचना दी की ग्राम जटवारा निवासी 60 वर्षीय चादिका बैरागी पिता कोदू दास बैरागी के खेत में एक सूखा कुआं मौजूद है। आज दोपहर लगभग साढ़े 12 बजे जब वह ट्रेक्टर को बैक करने का प्रयास कर रहा था इसी दौरान वह 40 फीट गहरे कुएं में ट्रेक्टर सहित गिर गया। कुएं में गिरने के कारण वृद्ध ट्रैक्टर में फंसा रह गया। मामले की गंभीरता समझते हुए प्रभारी विजयराघवगढ़ अपने स्टाफ के साथ मौके पर पहुंचे और स्थानीय लोगों को इकट्ठा कर रस्सी, कुर्सी की मदद से घायल चंद्रिका बैरागी पिता को कोदू बैरागी को बाहर कुशलता से निकलवा। घायल वृद्ध को शासकीय अस्पताल विजयराघवगढ़ में भर्ती कराया गया है। बताया जाता है कि यदि पुलिस और स्थानीय लोग सक्रियता नहीं दिखाते तो शायद कोई अनहोनी घटना भी घटित हो सकती थी।

### नगर निगम सीमा में चल रही तैयारियों की समीक्षा



निगमायुक्त विनोद कुमार शुक्ल द्वारा शुक्रवार को लोकसभा निर्वाचन को लेकर नगर निगम सीमांतर्गत चल रही तैयारीयों की समीक्षा बैठक आहूत की गई। बैठक के दौरान सभी जोन के नोडल अधिकारी, सहायक नोडल अधिकारी एवं विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि यह है सुनिश्चित किया जावे की आगामी लोकसभा निर्वाचन के लिए चिन्हित मतदान केन्द्रों के स्थल निरीक्षण के दौरान जो भी कमियां पाई गयी है उन सभी कमियों को निर्धारित समय अवधि के अंदर पूर्ण किया जाए, साथ ही सभी मतदान केन्द्रों में महिला एवं पुरुष शौचालय, पेयजल, प्रकाश, कूलर एवं पंखों, दरवाजे की समुचित व्यवस्था किए जाने के निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान उपायुक्त पीके अहिरवार कार्यपालन यंत्री केपी शर्मा, राहुल जाखड़, राजस्व अधिकारी जागेश्वर पाठक, प्रभारी कार्यपालन यंत्री सुधीर मिश्रा, स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी, सहायक यंत्री सुनील सिंह,अनिल जायसवाल, उपयंत्री जेपी बघेल, संजय मिश्रा, पवन एवं अधिकारी कर्मचारियों की उपस्थिति रही।

## अलग अलग वाहन चालकों से पुलिस ने बरामद किये 2 लाख 26 हजार रूपए

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

लोकसभा चुनाव की आदर्श आरचरण संहिता का पालन कराने एवं अवैध गतिविधियों को रोकने एसएसटी नाके पर विशेष निगाह रखी जा रही है। बड़वारा में SST नाका चेकिंग के दौरान तीन अलग-अलग लोगों को नगद राशि के साथ गिरफ्तार किया गया। पकड़े गए लोगों से पूछताछ एवं दस्तावेजों की जांच करने के उपरांत राशि उन्हें सुपुर्द कर दी गई।

कार्यवाही के संबंध में जानकारी देते हुए बड़वारा थाना प्रभारी ने बताया कि जांच कार्यवाही के दौरान नाके में शेख अख्तर पिता शेख बाबू उम्र 24 वर्ष निवासी



सुंदरी थाना बड़वारा की डिग्गी से 64 हजार रुपए प्राप्त हुए। जिससे पूछताछ की गई जिसने बताया कि उक्त रकम गुड़ बिक्री की है। जिसे बाद तस्दीक के उक्त राशि संबंधित को सुपुर्द की गई। इसी तरह मोटरसाइकिल एमपी 21 CB 1879 को चेक करने पर गाड़ी की डिग्गी में 50 हजार प्राप्त हुए वाहन चालक प्रदीप कुमार द्वारा 50 हजार रुपए मकान निर्माण के लिए रेत की राशि होना बताया जो उक्त राशि संबंधित को सुपुर्द की गई।

एक अन्य कार्यवाही में चेकिंग के दौरान एक पिकअप को रोक कर चेक किया गया। इसके ड्राइवर का नाम ओम असाटी निवासी मानिकपुर बताया जिसके पास वाहन चेकिंग के दौरान 1 लाख 12 हजार प्राप्त हुए। जिससे संबंधित राशि के संबंध में पूछताछ की गई जिन्होंने बताया कि गल्ले का पैसा है जो की बेचकर आए है। ड्राइवर के द्वारा एक रसीद प्रस्तुत की गई जिसके आधार पर उपरोक्त राशि ड्राइवर को सुपुर्द की गई।

*मिलावट से मुक्ति अभियान के तहत की गई कार्यवाही*

## बजरंग मिनरल पैकेज ड्रिंकिंग वाटर पाउच फैक्ट्री की मशीन को किया सील

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी अवि प्रसाद के निर्देश पर मिलावट से मुक्ति अभियान के तहत मिलावटी खाद्य सामग्री बेचने वालों के खिलाफ खाद्य सुरक्षा प्रशासन एवम जिला प्रशासन की टीम द्वारा अमानक सामग्री पाए जाने पर संबंधितों के खिलाफ कार्यवाही का सिलसिला निरंतर जारी है।

कलेक्टर श्री प्रसाद के निर्देशानुसार मिलावट से मुक्ति अभियान के अंतर्गत खाद्य सुरक्षा प्रशासन की टीम द्वारा एस.डी.एम राकेश चौरसिया की मौजूदगी में शुक्रवार को स्लीमनाबाद स्थित बजरंग मिनरल वाटर के नाम से



संचालित पैकेज ड्रिंकिंग वाटर पाउच फैक्ट्री का निरीक्षण किया गया । मौके पर फैक्ट्री में पानी पाउच की पैकिंग मशीन पाई गई। संचालक प्रदीप त्रिपाठी द्वारा जानकारी न होने से बिना बी.आई.एस लाइसेंस के पैकेज ड्रिंकिंग वाटर पाउच का निर्माण करने तथा जानकारी प्राप्त होने पर पैकिंग का काम बंद करने की बात कही गई।

निरीक्षण के दौरान एफबीओ की फैक्ट्री में मशीन इंस्टाल पाये जाने तथा कभी भी अवैधानिक रूप से पैकिंग का कार्य होने की संभावना को दृष्टिगत रखते हुए मशीन को नियमानुसार सील करने की कार्यवाही की गई।

इसके अतिरिक्त आगामी त्योहारों को दृष्टिगत रखते हुए सलीमनाबाद तिराहा स्थित ज्ञानी होटल से गुझिया, खोवा, कलाकंद पेड़ा, खोवा बर्फी, कोल्ड ड्रिंक, थम्सअप, फेंटा, कैफीन कोल्ड ड्रिंक, लस्सी के सैंपल जांच हेतु लिए जाकर राज्य खाद्य प्रयोगशाला भोपाल भेजनें की कार्यवाही की जा रही है। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर अग्रिम कारवाई की जायेगी। कार्रवाई के दौरान तहसीलदार राजकुमार नामदेव ओपी साहू तथा बृजेश विश्वकर्मा खाद्य सुरक्षा अधिकारी मौजूद रहे।

### शासकीय तिलक कॉलेज में रंगोली एवं निबंध प्रतियोगिता आयोजित

## लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने की जा रही कवायद

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय मे शुक्रवार को प्राचार्य डॉ एस के खरे की अध्यक्षता तथा एनएसएस की कार्यक्रम अधिकारी डॉ माधुरी गर्ग के मार्गदर्शन में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयाजित किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित रंगोली एवं निबंध प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने बड़े ही हर्ष के साथ सहभागिता करते हुए मतदाता जागरूकता संबंधी रंगोली बनाकर मतदान करने का संदेश प्रसारित किया। इस दौरान अंकित सोनी, अनिल मौर्य, संजना बर्मन, अंजलि बर्मन एवं रुचि गुप्ता ने निबंध प्रतियोगिता में भाग लिया और इसके साथ रेखा कुशवाहा, प्रगति सिंह ने रंगोली में भाग लिया तथा मेघा विश्वकर्मा, गायत्री बर्मन, वंदना बर्मन ,रेणुका सिंह राजपूत ने प्रतियोगिता के आयोजन में सहयोग प्रदान किया।

### मतदान के लिए प्रेरित

मतदाता जागरूकता अभियान के तहत जन अभियान परिषद द्वारा ग्राम पंचायत हीरापुर कोडिया, पिपरिया, केवलारी, बिछिया, हिरवारा, बोहता, पौंसरा सहित अन्य ग्रामों में मतदाता जागरूकता नारे का लेखन कार्य किया गया। इस दौरान नर-नारी एक समान सब मिलकर करें मतदान। वोट डालनें जाना है अपना फर्ज निभाना है। सारे काम छोड दो सबसे पहले वोट दो सबन्धित नारो का दीवार लेखन कर शत प्रतिशत मतदाताओं को जागरूक कर निर्भीक होकर अपने मताधिकार का प्रयोग करने हेतु प्रेरित किया जा रहा है।

### ''होली के रंग लोकतंत्र के संग'' कार्यक्रम आज

आगामी लोकसभा निर्वाचन के मद्देनजर स्वीप गतिविधियों के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक करनें के उद्देश्य से कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अवि प्रसाद के निर्देशन तथा जिला पंचायत के सी.ई.ओ एवं नोडल अधिकारी स्वीप शिशिर गेमावत के मार्गदर्शन में विभिन्न तरह की जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। मतदाता जागरूकता गतिविधियों के तहत स्वीप गतिवधि ''होली के रंग लोकतंत्र के संग'' कार्यक्रम का आयोजन शनिवार 23 मार्च को प्रातः 10 बजे से फारेस्टर प्लेग्राउण्ड में आयोजित किया गया है।

सी.ई.ओ शिशिर गेमावत नें कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु नोडल अधिकारी चित्रा प्रभात प्राचार्य शासकीय कन्या महाविद्यालय, सुश्री वनश्री कुर्वेती सहायक संचालक महिला एवं बाल विकास, पूजा द्विवेदी एवं ज्योति सिंह को नियुक्त किया है।

### आईटीआई बहोरीबंद के अधीक्षक को नोटिस

**कटनी।** लोकसभा निर्वाचन प्रशिक्षण एवं प्रबंधन सेल में संलग्न विभगीय कर्मचारियों को निर्वाचन जैसे महत्वपूर्ण कार्य हेतु कार्यमुक्त नहीं किये जाने के कृत्य को अवचार एवं कदाचरण की श्रेणी तथा अनुशासनहीनता मानते हुए शासकीय औघोगिकी प्रशिक्षण संस्थान बहोरीबंद के अधीक्षक को कारण बताओ नोटिस जारी किया जाकर दो दिवस के भीतर कलेक्टर अवि प्रसाद के समक्ष उपस्थित होकर जवाब प्रस्तुत करनें के निर्देश दिए है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत कटनी शिशिर गेमावत द्वारा जारी नोटिस में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान बहोरीबंद में पदस्थ अभिषेक नामदेव प्रशिक्षण अधिकारी एवं अजय कुमार भारद्वाज सहायक ग्रेड-3 की डियुटी प्रशिक्षण एवं प्रबंधन सेल मे लगनें के पश्चात भी शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के अद्यीक्षक द्वारा आज दिनांक तक कर्मचारियों को कार्यमुक्त नहीं किया गया जो लापरवाही एवं उदासीनता का द्योतक है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा जारी नोटिस में निर्वाचन डियुटी में संलग्न कर्मचारियों को तत्काल कार्यमुक्त करने एवं नोटिस का जवाब समय अवधि मे प्रस्तुत न करने अथवा संतोषप्रद न होने पर एकपक्षीय कार्यवाही प्रस्तावित करने का लेख किया गया है।

## शराब पीने के लिए पैसे नहीं देने पर सिर में मारी बोतल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

शहर में सक्रिय बदमाश आए दिन आतंक मचा रहे हैं। कोतवाली क्षेत्र के हीरागंज में एक युवक ने शराब के लिए दूसरे युवक से पैसे मांगे और न देने पर सिर पर बोतल फोड़कर उसे घायल कर दिया। साथ ही गाड़ी में भी तोड़फोड़ की। हीरागंज से वह सुभाष चौक पहुंचा और वहां पर भी लोगों से अभद्रता करने के साथ ही पुलिसकर्मियों से भी विवाद किया। पुलिस उसे पकड़कर थाना लेकर पहुंची। हीरागंज निवासी प्रशांत उर्फ टिंकू शर्मा पिता रमेश शर्मा 44 साल गुरुवार की सुबह अपने घर के बाहर बैठे थे। उसी दौरान हीरागंज निवासी अंकुर जायसवाल नशे में पहुंचा और टिंकू से शराब पीने के लिए पैसे की मांग की। टिंकू ने पैसे देने से इंकार किया तो उसके सिर में बोतल मारकर उसे घायल कर दिया।



उसकी गाड़ी में भी तोड़फोड़ की और भाग गया।

इसके अलावा नशेड़ी युवक ने सुभाष चौक में पहुंचकर भी आतंक मचाया और जब पुलिसकर्मियों ने उसे रोका तो उनके साथ भी अभद्रता करने लगा। जिसके बाद पुलिस ने उसे पकड़ा और थाने लेकर पहुंची। वहीं घायल प्रशांत की शिकायत पर पुलिस ने आरोपित के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

## खबर संक्षेप

### विद्यालय परिसर में रोपे एक हजार आम के पौधे

**कटनी।** विश्व वानिकी दिवस के अवसर पर कलेक्टर अवि प्रसाद और जवाहर नवोदय विद्यालय बड़वारा के छात्रों और शैक्षणिक एवं लिपिकीय स्टाफ ने मिलकर एक हजार आम के पौधे रोपे। जवाहर नवोदय विद्यालय के परिसर में यह पौधारोपण बिरला व्हाइट के सी.एस.आर मद से किया गया।पौधों की देखरेख और सिंचाई की जिम्मेदारी के दायित्व का निर्वहन विरला व्हाइट प्रबंधन द्वारा किया जायेगा। इस दौरान विरला के यूनिट हेड अंजनी पाण्डेय, प्राचार्य आर .के. सेजवार, पी.के.ठाकुर, स्पोर्टस टीचर पासी सहित सी.ई.ओ बड़वारा के.के. पाण्डेय मौजूद रहे।

### बुनियादी सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं की ली जानकारी

**कटनी।** आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 में मतदान दलों एवं मतदाताओं की बुनियादी सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं के निरीक्षण हेतु जिला पंचायत के सीईओ शिशिर गेमावत के निर्देश पर जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर बुनियादी सुविधाओं और व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। मतदान केंद्रों में साफ सफाई, शौचालय, विद्युत व्यवस्था, पेयजल एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं के संबंध में ग्राम पंचायत को निर्देशित किया गया। इस दौरान जनपद पंचायत के सीईओ ने मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत वृद्ध मतदाताओं के सम्मान समारोह की आयोजनों में भाग लिया तथा उन्हें पुष्पमाला, शाल और श्रीफल द्वारा सम्मानित किया। जनपद पंचायत कटनी के सीईओ प्रदीप सिंह, विजयराघवगढ़ के सीईओ ब्रतेश जैन , रीठी के सीईओ चंदूलाल पनिका और अन्य अधिकारियों ने भी मतदाता जागरूकता की गतिविधियों में भाग लिया और ग्रामीणों को मतदान करने हेतु प्रेरित किया। इस दौरान संजीव खरद, एपीओ मनरेगा अजीत सिंह, जग्गी पटेल, बलराम दाहिया, भागीरथ पटेल और अन्य अधिकारी कर्मचारियों की उपस्थिति रही।

### दैनिक रिपोर्ट की जानकारी प्रेषित करनें के निर्देश

**कटनी।** अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती साधना परस्ते ने आयकर अधिकारी आयकर विभाग, सहायक आयुक्त, केंद्रीय वस्तु एवं सेवा कर विभाग सहायक आयुक्त एवं राज्य कर अधिकारी, राज्य कर कार्यालय, आबकारी अधिकारी, प्रबंधक, अग्रणी बैंक, पोस्ट मास्टर, प्रधान डाकघर कटनी को लोकसभा निर्वाचन 2024 अन्तर्गत निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण संबंधी दैनिक रिपोर्ट संसदीय क्षेत्रवार एवं विधानसभा क्षेत्रवार जानकारी निर्धारित प्रपत्र में तैयार कर प्रतिदिन 12 बजे तक उपलब्ध कराने हेतु कहा है। ताकि पृथक-पृथक जानकारी संबंधित रिटर्निंग ऑफिसर की ओर समयावधि में भेजी जा सके। उल्लेखनीय है कि निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण संबंधी दैनिक रिपोर्ट निर्धारित प्रपत्रों में प्रत्येक दिवस की जानकारी संसदीय निर्वाचन क्षेत्रवार भेजी जाती है। कटनी जिले में दो संसदीय क्षेत्र 12-शहडोल विधानसभा क्षेत्र कमांक 91-बडवारा एवं 08-खजुराहो विधानसभा क्षेत्र कमांक 92-विजयराघवगढ, 93-मुडवारा एवं 94-बहोरीबंद है।

### लेखाटीम प्रभारी के संशोधित आदेश जारी

**कटनी।** अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती साधना परस्ते द्वारा पूर्व में जारी आदेश में आंशिक संशोधन करते हुए संजय गोटिया सहायक राज्य कर अधिकारी का जिले से अन्यत्र जिले में स्थानान्तरण हो जाने के कारण उनके स्थान पर श्री ऋषभ चट्टा वाणिज्यिक कर निरीक्षक की ड्यूटी विधानसभा क्षेत्र 91 बड़वारा में लेखाटीम प्रभारी के रूप में तत्काल प्रभाव से लगाई गई है। उल्लेखनीय है कि संसदीय निर्वाचन शहडोल विधानसभा क्षेत्र 91 बड़वारा में संजय गोटिया सहायक राज्यकर अधिकारी वृत्त 1 की ड्यूटी लेखाटीम प्रभारी के रूप में लगाई थी। इनका स्थानान्तरण कटनी जिले से जबलपुर में हो जाने के कारण इन्हे कार्यमुक्त कर दिया गया है।

## रूपोंद रोड में लगने वाली सब्जी दुकानों को हाट बाजार में लगाने की मांग

# 50 लाख से बना हाट बाजार पड़ा वीरान, सड़क किनारे सब्जी दुकानें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बड़वारा

बड़वारा के मध्य से निकलने वाली रूपोंद रोड में व्यापारियों के द्वारा सब्जी की दुकाने लगाई जाती हैं जिसके कारण रोड के दोनों तरफ जाम की स्थिति निर्मित हो जाती है। सब्जी खरीदने वाले लोग अपने दो पहिया वाहनों को सब्जी दुकानो के सामने खड़ा कर देते हैं एवम सड़क से ही ओवर लोड पत्थरों से भरे वाहन ट्रक, हाइवा भी निकलते हैं जिसके चलते कभी भी बड़ा हादसा घटित हो सकता है जिससे लोगों की जिंदगी संकट में पड़ सकती है। गौरतलब है कि बड़वारा क्षेत्र में डोलोमाइट पत्थरों की खदाने संचालित हैं जिनके खदान से निकलने वाले पत्थरों का परिवहन किया जाता है और वे ट्रक ग्राम के मध्य से ही निकलते हैं किंतु स्थानीय प्रशासन इन पत्थरों से भरे ओवर लोड ट्रकों के ऊपर लगाम लगाने व कार्रवाई करने में वेपरवाह नजर आ रहा है।





**तदाशय का पत्र ग्राम वासियों ने बड़वारा पँचायत को लिखकर मांग की है कि बड़वारा ग्राम में रूपोंद रोड पर सड़क के दोनों तरफ लगने वाली सब्जी दुकानों को एक सप्ताह के भीतर ग्राम से हटाकर हाटबाजार में व्यवस्थित तरीके से लगवाई जाए जिससे शासन की लाखों रुपये की राशि से बनवाई गई हाट बाजार का सदुपयोग हो सके। हाट बाजार में सब्जी दुकाने नियमित लगने से किसी भी**



## पोस्टर प्रतियोगिता से मतदान के लिए किया गया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से मतदाता जागरूकता अभियान के तहत पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम प्राचार्य डॉक्टर एस के खरे की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। लोकसभा चुनाव 2024 को देखते हुए संगोष्ठी, नारा लेखन, शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

### एक एक वोट महत्वपूर्ण

लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए हमारा एक-एक वोट अत्यंत महत्वपूर्ण है यह बात प्राचार्य डॉक्टर सुधीर कुमार खरे ने कही। हमें आसपास के सभी रहवासियों को प्रेरित करना चाहिए कि हम हम मतदान के दिन अवश्य अपना वोट देने जाए। विद्यार्थियों ने उत्साह के साथ मतदाता जागरूकता अभियान में नारा लेखन एवं पोस्टर प्रतियोगिता में भाग लिया। पोस्टर एवं नारा के माध्यम से जागरूक करने का प्रयास किया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा तथा शपथ लिया कि हम 2024 में लोकतंत्र के इस पर्व में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करेंगे।

कार्यक्रम में डॉक्टर नाहिद सिद्दीकी, डॉक्टर प्रतिमा त्रिपाठी, राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक मेघा विश्वकर्मा, प्रतीक्षा कोरी, कनक सोनी, तुषार मेहरा,अभिषेक सिंह परिहार, सृष्टि तिवारी, प्रगति, अंजलि, नेहा, सोनल, प्रियदर्शनी सिंह राजपूत, निलेश, रवि आदि का सक्रिय योगदान रहा।

**निजी स्कूल संचालकों की बैठक में सीईओ ने मांगे सुझाव**

## जागरूकता अभियान के तहत मतदान प्रतिशत में वृद्धि हेतु प्रयासों पर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 में मतदाताओं को मतदान हेतु प्रेरित करने जिला प्रशासन द्वारा सतत रूप से आवश्यक प्रयास किया जा रहे हैं। जिला पंचायत के सीईओ एवं नोडल अधिकारी स्वीप शिशिर गेमावत की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में अशासकीय विद्यालयों के अध्यक्ष ,संचालक, प्राचार्य एवं प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में मतदान प्रतिशत में वृद्धि हेतु बैठक आयोजित हुई। सीईओ श्री गेमावत ने अभिवादन के साथ शासकीय स्कूलों के प्रतिनिधियों से परिचय लेते हुए लोकसभा निर्वाचन में मतदान प्रतिशत में वृद्धि हेतु स्वीप गतिविधियों के अंतर्गत सुझाव मांगे। सीईओ श्री गेमावत ने उपस्थित प्रतिनिधियों से शाला में पढ़ने वाले बच्चों के माध्यम से संकल्प पत्रों को पेरेंट्स तक पहुंचाने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि एक सप्ताह के अंदर संकल्प पत्रों में छात्र-छात्राओं के पालकों/ अभिभावकों के हस्ताक्षर लेकर संकल्प पत्रों की प्रतियां प्रस्तुत करें।

सरल प्रक्रिया सुगम मतदान हेतु परीक्षा परिणाम घोषित होने पर पालकों को संकल्प पत्र, बसों कार्यालयीन पत्रों में स्लोगन, बैनर मतदाता शपथ आज माध्यमों से मतदाता जागरुकता हेतु व्यापक रुप से प्रचार प्रसार किया जाए। सहायक नोडल अधिकारी स्वीप चित्रा प्रभात और के के डेहरिया ने शनिवार को नगर निगम कार्यालय में होली के रंग लोकतंत्र के संग की थीम पर आयोजित होने वाले जिला स्तरीय कार्यक्रम में सभी को उपस्थित होने हेतु आग्रह किया तथा लोकसभा निर्वाचन में स्वीप गतिविधियों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई।

### चिट्ठी लिखकर मतदान करने कहा

जिले के बेटे बेटियों ने अपने मम्मी पापा को मार्मिक चिट्ठी लिखते हुए कहा है कि.. आदरणीय मम्मी और पापा आपने हमारे सुंदर और सुरक्षित भविष्य के लिए हर संभव प्रयास किया है। आपने हमें अच्छी शिक्षा, स्वास्थ्य सुविधा और आगे बढ़ने के अवसर दिए हैं...इस महान लोकतंत्र में हमारा सबसे महत्वपूर्ण कर्तव्य है... मतदान!!! प्लीज,आप अप्रैल माह में हमारे कटनी जिले में होने वाले लोकसभा चुनाव में मतदान जरूर करें, जिससे हमारे देश का लोकतंत्र मजबूत हो और हमारे साथ-साथ जिले,प्रदेश और देश के हर बच्चे का भविष्य सुखद और सुरक्षित हो। स्वतंत्र और निर्भीक मतदान कर हमें भी भविष्य में एक जिम्मेदार एवं जागरूक मतदाता बनने हेतु प्रेरित करें।

बैठक में वनश्री कुर्वेति, सरसवाही हायर सेकेंडरी स्कूल, शिकागो पब्लिक स्कूल, गुरु नानक हायर सेकेंडरी स्कूल ,किड्स केयर कटनी पब्लिक स्कूल,विलियम हेनरी स्कूल, मिशन पब्लिक स्कूल एवं अन्य अशासकीय स्कूलों के प्रतिनिधियों की मौजूदगी रही।

## फसल उत्पादन व खेती के प्रकार का दिया प्रशिक्षण



शासकीय महाविद्यालय विजयराघवगढ़ में मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग द्वारा व्यावसायिक शिक्षा के अंतर्गत स्नातक स्तर के विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर, स्वावलंबी एवं स्वरोजगार स्थापित करने के उद्देश्य से प्राचार्या डॉ सुषमा श्रीवास्तव के मार्गदर्शन एवं प्रशिक्षण समन्वयक डॉ अरुण कुमार सिंह एवं डॉ सुमन पुरवार के सहयोग से जैविक कृषि विशेषज्ञ रामसुख दुबे द्वारा जैविक खेती का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के क्रम में फसल उत्पादन के अंतर्गत टिकाऊ खेती, पादप कीट, रोग एवं खरपतवार बीज उत्पादन एवं प्रमाणीकरण कृषि में सूक्ष्म जीवों का महत्व, मिट्टी प्रबंधन, खेती के प्रकार के अंतर्गत विशिष्ट खेती, मिश्रित खेती, शुष्क खेती, बहु फसलीय खेती एवं रैंचिंग खेती तथा शसय विज्ञान के अंतर्गत खरीफ रबी एवं जायद की फसलों के अंतर्गत अनाज, दलहनी रेशे, चारा, शर्करा एवं तिलहनी फसलों की जानकारी का तकनीकी प्रशिक्षण दिया गया।

## खोवा एवं मिठाईयों के नमूनें लेकर जांच के लिए राज्य खाद्य प्रयोगशाला भेजे गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी अवि प्रसाद के निर्देशों के परिपालन में खाद्य सुरक्षा प्रशासन एवं जिला प्रशासन की टीम द्वारा मिलावट से मुक्ति अभियान के तहत आगामी होली त्योहार के दृष्टिगत रखते हुए विगत दिवस अभियान चलाकर कार्यवाही की गई।



खाद्य सुरक्षा अधिकारी देवकी सोनवानी ने बताया कि आगामी पर्वो को दृष्टिगत रखते हुए विगत दिवस मिठाइयों की जांच हेतु सिल्वर टाकीज रोड ,सुभाष चौक कटनी स्थित खोवा मंडी में तीन दुकानों की जांच की गई। जांच के दौरान गुप्ता खोवा एजेंट, जैन खोवा भंडार तथा विजय आनंद जैन खोवा भंडार का निरीक्षण के दौरान मौके पर उक्त दुकानों में गुलाब जामुन वाला खोवा एवं बर्फी वाला खोवा का संग्रह एवम विक्रय करते हुए पाए जाने पर दुकानों से खोवा के 6 नमूने जांच हेतु लिये जाकर राज्य खाद्य प्रयोगशाला भोपाल भेजनें की कार्यवाही की गई।

श्रीमती सोनवानी ने बताया कि मिलावट से मुक्ति अभियान के तहत गुरूवार को सुभाष चौक स्थित देश भंडार स्वीट से खोवा, डोडा बर्फी, गुझिया, बादाम बर्फी, पेड़ा आदि मिठाईयों के के नमूने जांच हेतु लिए गए हे जो जांच हेतु राज्य खाद्य प्रयोगशाला भोपाल भेजे जा रहे है। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर अग्रिम कारवाई की जायेगी। कार्रवाई के दौरान तहसीलदार शशिभूषण सिंह एवं खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वय ओ.पी साहू , बृजेश विश्वकर्मा खाद्य सुरक्षा विभाग सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

**ईको क्लब व रासेयो के संयुक्त तत्वाधान में कार्यशाला आयोजित**

## जीवन के लिए पर्यावरण संरक्षण आवश्यक, सभी को करें जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

शासकीय महाविद्यालय बरही जिला कटनी में संचालित इको क्लब एवं राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के संयुक्त तत्वाधान में पर्यावरण एवं जलवायु मंत्रालय नई दिल्ली तथा पर्यावरण नियोजन एवं समन्वय संगठन एप्कों भोपाल मध्य प्रदेश के निर्देशानुसार प्राचार्य प्रो. आर. के. त्रिपाठी के मार्गदर्शन एवं प्रभारी डॉ. अरविंद सिंह के नेतृत्व में पर्यावरण शिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत कार्यशाला का आयोजन किया गया।



कार्यशाला मे विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण, वृक्षारोपण एवं वन संरक्षण, सिंगल यूज प्लास्टिक, ऊर्जा संरक्षण, जैविक कृषि, जल संरक्षण, गौरैया संरक्षण से संबंधित जानकारी विद्यार्थियों को दी गई साथ ही विद्यार्थियों को अपने घर एवं आस पास के लोगों को भी जागरूक करने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में डॉ अरविंद सिंह ने बताया कि आज मानव सहित संपूर्ण जीव मंडल पर्यावरण प्रदूषण के आगोश में है। इस स्थिति से लड़ने के लिए हमें आगे आना चाहिए और पर्यावरण संरक्षण में अपनी अग्रणी भूमिका निभानी चाहिए। ऐसा करके हम प्रदूषण की तीव्रता को कम कर सकेंगे और पर्यावरण संरक्षण करके जीवन को स्वस्थ और स्वच्छ रख सकते हैं। इस प्रकार हम कह सकते हैं कि 'पर्यावरण संरक्षित है तो हमारा जीवन सुरक्षित है।

डॉ मंजुलता साहू द्वारा खाद्य पदार्थों में मिलावट के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई, मुख्य वक्ता के रूप में आए मानस पटेल ने पर्यावरण संरक्षण को असंतुलित करने वाले कारकों में वायु प्रदूषण, जल प्रदूषण, ध्वनि प्रदूषण, भूमि प्रदूषण, रेडियो धर्मी प्रदूषण आदि प्रमुख हैं जिनके संबध में विद्यार्थियों को जानकारी प्रदान की एवं सभी प्रदूषणों को कम करने में अपनी अग्रणी भूमिका का निर्वहन करने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम में प्राचार्य प्रो. आर. के. त्रिपाठी, प्रभारी डॉ अरविन्द सिंह, डॉ. एस. एस. धुर्वे, डॉ. रश्मि त्रिपाठी, सुश्री प्रियंका तोमर, डॉ. मंजुलता साहू, नितिन दुबे, डॉ आर जी सिंह, डॉ. के. के. विश्वकर्मा, डॉ. सुनीता सिंह, डॉ. के. के. निगम, डॉ. राकेश दुबे, डॉ. शिवानी बर्मन, डॉ. नीलम चतुर्वेदी, डॉ रूपा शर्मा, पवन दुबे, अनीता सिंह, दीपक मिश्रा, सौरभ सिंह, कैश अंसारी, रावेंद्र साकेत, कृष्णपाल सिंह, सोनम पाण्डे, सुश्री संतोषी तिवारी, पुष्पलता विश्वकर्मा, एच एस वाजपेई, चंद्रभान विश्वकर्मा,

## महाविद्यालय में विश्व जल दिवस पर संगोष्ठी का हुआ आयोजन

# विद्यार्थियों ने पोस्टर के माध्यम से जल संरक्षण का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

शासकीय महाविद्यालय बरही जिला कटनी में संचालित इको क्लब एवं राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा पर्यावरण एवं जलवायु मंत्रालय नई दिल्ली तथा पर्यावरण नियोजन एवं समन्वय संगठन एप्कों भोपाल मध्य प्रदेश के निर्देशानुसार प्राचार्य प्रो. आर. के. त्रिपाठी के मार्गदर्शन एवं प्रभारी डॉ. अरविंद सिंह के नेतृत्व में पर्यावरण शिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत विश्व जल दिवस के अवसर पर संगोष्ठी एवं पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।




संगाष्ठी मे इको क्लब प्रभारी एवं कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अरविंद सिंह ने बताया कि पृथ्वी पर जीवन के लिए जल सबसे महत्वपूर्ण घटक है, क्योंकि हमें दिनचर्या के सभी कार्यों को पूर्ण करने के लिये कही न कही जल की आवश्यकता होती है धरती पर जीवन के अस्तित्व को बनाये रखने के लिये जल का संरक्षण और उसका बचाव बहुत जरूरी है क्योंकि बिना जल के जीवन संभव नहीं है। हमें अपने जीवन में उपयोगी जल को बर्बाद और प्रदूषित नहीं करना चाहिये तथा लोगों को जल संरक्षण और जल बचाने को बढ़ावा देने के लिए प्रेरित करना चाहिए।

### जरूरत से ज्यादा पानी की बर्बादी

डॉ. आर. जी. सिंह ने कहा कि दैनिक जरुरतों से ज्यादा पानी लोग बर्बाद कर रहें हैं, हम सभी को जल के महत्व और भविष्य में जल की कमी से संबंधित समस्याओं को समझना चाहिये, हमें अपने जीवन में उपयोगी जल को बर्बाद नहीं करने के साथ ही जल संरक्षण बढ़ावा देना चाहिये। डॉ रश्मि त्रिपाठी ने बताया कि ब्रह्माण्ड में पृथ्वी पर अपवाद के रुप में जीवन पाया जाता है क्योंकि केवल पृथ्वी पर ही जल पाया जाता है जिसके बिना जीवन संभव नहीं है प्राचार्य प्रो. आर. के. त्रिपाठी ने बताया कि जल संरक्षण से जुड़ा हर प्रयास हमारे कल से जुड़ा है इसमें पूरे समाज की जिम्मेदारी होती है, सदियों से अलग-अलग समाज अलग अलग प्रयास करते आए हैं, जल पृथ्वी का सर्वाधिक मूल्यवान संसाधन है और हमें न केवल अपने लिये इसकी रक्षा करनी है बल्कि भविष्य की पीढ़ियों के लिये भी इसे बचा कर रखना है।

संगोष्ठी के अंत में प्रियंका तोमर ने सभी से अपनी जरूरतों के अनुसार ही पानी का प्रयोग करने का आग्रह किया साथ ही सभी से जल संरक्षण की मुहिम को सफल बनाने में सहयोग की अपील की, कार्यक्रम के अगले चरण में विद्यार्थियों द्वारा पोस्टर पर चित्रों के माध्यम से जल संरक्षण का संदेश दिया ।

कार्यक्रम में प्राचार्य प्रो. आर. के. त्रिपाठी, प्रभारी डॉ अरविन्द सिंह, डॉ. एस. एस. धुर्वे, डॉ. रश्मि त्रिपाठी, सुश्री प्रियंका तोमर, डॉ. मंजुलता साहू, डॉ आर जी सिंह, डॉ. के. के. विश्वकर्मा, डॉ. सुनीता सिंह, डॉ. के. के. निगम, डॉ. राकेश दुबे, डॉ. शिवानी बर्मन, डॉ. नीलम चतुर्वेदी, डॉ रूपा शर्मा, पवन दुबे, अनीता सिंह, अनुराग सोनी, नितिन दुबे, दीपक मिश्रा, सौरभ सिंह, कैश अंसारी, रावेंद्र साकेत, कृष्णपाल सिंह, सोनम पाण्डे, सुश्री संतोषी तिवारी, पुष्पलता विश्वकर्मा, नेहा तिवारी, एच एस वाजपेई, चंद्रभान विश्वकर्मा, आशीष तिवारी, अजय सेन, सतीश विश्वकर्मा, शंकर सिंह तथा स्टॉफ के अन्य सदस्य, रासेयो स्वयंसेवक एवं विद्यार्थी उपस्थिति रहे।

**प्रसव के रेफरल मामले में लापरवाही पड़ी महंगी**

## लापरवाही पर एएनएम व सीएचओ को नोटिस जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा जिले की स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार तथा मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाने सहित प्रसव के रेफरल प्रकरणों की निरंतर समीक्षा की जा रही है। कलेक्टर अवि प्रसाद ने स्वास्थ्य महकमें को दो टूक हिदायत दी है, कि प्रसव के रेफरल प्रकरणों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। गर्भवती महिला की ए.एन.सी के दौरान निर्धारित प्रोटोकॉल के तहत सभी जांचें करने तथा इन सब मामलों में कोताही बरतने पर कड़ी कार्यवाही किये जानें के निर्देश दे रखे है।

बरही के एक प्रकरण में गर्भवती महिला की एएनसी के दौरान मात्र 1 ही जांच करनें तथा हाई रिस्क श्रेणी में नहीं होने के बाद भी जिम्मेदारियों से बचने हेतु जानबूझकर 108 एम्बुलेंस वाहन द्वारा जिला चिकित्सालय रेफर करने संबंधी मामलों को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर श्री प्रसाद द्वारा नाराजगी व्यक्त की जाकर संबंधित स्वास्थ्य कर्मियों से स्पष्टीकरण तलब करने के निर्देश दिए है।

### दो दिन में जवाब दें

कलेक्टर श्री प्रसाद के निर्देश के बाद मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ आर के अठया ने उप स्वास्थ्य केन्द्र कुठिया महगवां बरही में पदस्थ एएनएम संतोषी कोल तथा सीएचओ अंजली लकरा को कारण बताओ नोटिस जारी कर 2 दिनों में जवाब प्रस्तुत करने की हिदायत दी गई है। जवाब संतोषप्रद नहीं पाए जाने पर इनके विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी। जिसके लिए ये स्वतः जिम्मेदार होंगी।

## खबर संक्षेप

### प्रचार रथ को हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना



**दमोह।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत जारी कार्यक्रम अनुसार मतदान संपन्न कराने कार्यक्रम जारी किया गया है। इसी संदर्भ में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी भोपाल द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 में मतदान बढ़ाने के उद्देश्य को लेकर मतदाता जागरूकता विधानसभा क्षेत्र 57-हटा के लिये रवाना किया गया, जिसे कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुधीर कुमार कोचर ने हरीझण्डी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी मीना मसराम, सहायक रिटर्निंग आफीसर हटा राकेश मरकाम, डिप्टी कलेक्टर सौरभ गंधर्व मौजूद थे। मतदाता जागरूकता रथ में मेरा वोट, मेरा फैसला, जागरूक मतदाता, देश का हौसला, मतदान के लिये आपका नाम मतदाता सूची में होना आवश्यक है,मतदाता पहचान पत्र के अलावा 12 वैकल्पिक फोटोयुक्त पहचान पत्र में से किसी एक को अपने साथ मतदान केन्द्र पर ले जाकर मतदान अवश्य करें, डॉक मतपत्र सुविधा के लिये 1950 पर कॉल करें अथवा अपने बीएलओ से संपर्क करें। जागरूक होकर करें मतदान, हर एक वोट है मूल्यवान का संदेश दिया गया है।

### शांति समिति की बैठक संपन्न

**हिंडोरिया।** पुलिस अधीक्षक दमोह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं एसडीओपी पथरिया रघु केसरी के आदेशानुसार थाना हिंडोरिया प्रांगण में हिन्दू भाईयों के होली , धुडेरी एवं मुस्लिम भाईयों के रमजान को शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक मे शासन द्वारा इन त्योहारों को लेकर निर्धारित गाइडलाइन के संबंध में गणमान्य नागरिकों को अवगत कराया गया। सभी ने पर्व आपसी सदभाव एवं परंपरागत ढंग से मनाने का निर्णय लिया।बैठक मे नायाब तहसीलदार रघुनंदन चतुर्वेदी, थाना प्रभारी अमित गौतम , सीएमओ गजेन्द्र सिंह सहित पुलिस स्टाफ कर्मी मौजूद रहे।

### होलिका पर्व के नजदीक आते ही पलाश के फूल जंगल की बढ़ा रहे खूबसूरती

**बनवार।** वसंत ऋतु के बीतने व होलिका पर्व के नजदीक आते ही ग्रामीण क्षेत्रों में पलाश के फूल चारों ओर दिखाई देने लगे हैं। पेड़ों पर पलाश के फूलों की बहार छाई हुई है, जिससे वातावरण का सौंदर्य बढ़ने लगा है। खूबसूरती में चार चांद लगा रहे हैं। हालांकि रंग उत्सव के लिए चंद दिन शेष है। लेकिन प्रकृति ने इसकी तैयारी वसंत ऋतु के आगमन के साथ ही कर ली थी। ग्रामीण क्षेत्र में टेसू के फूल लोगों को अपनी ओर आकर्षित करने लगे हैं। मलखान रामशंकर बबलू ने बताया आज भले ही हमें केमिकल युक्त रंग, गुलाल से होली पर्व मनाते हैं, लेकिन एक समय था, जब पूर्वज पलाश के फूल से ही होली खेला करते थे। पलाश के फूल को होली के लिए एक दिन पहले एकत्रित कर उसे मिट्टी के पात्र में रखकर गर्म करते थे। इससे प्राकृतिक रंग तैयार होता था।

### आगामी पर्वो को लेकर थाना परिसर में संपन्न हुई शांति समिति की बैठक

**पवई।** गुरुवार को थाना परिसर पवई में आगामी त्योहारों को लेकर एसडीएम श्रुति अग्रवाल की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया द्य जिसमें आगामी होली पर्व,मुस्लिम पर्व, चैत्र रामनवमी पर मां कलेही मन्दिर में लगने वाले मेले, पंचमी एवं अष्टमी पर होने वाली महा आरती को लेकर चर्चा की गई तथा आदर्श आचार संहिता में त्योहारों को कैसे मनाए उसके लिए शासन के दिशा निर्देश भी बताए गए द्य इस दौरान नगर परिषद अध्यक्ष बसंत दहायत, कलेही मन्दिर पुजारी हरिकेश बढ़ोलिया,तहसीलदार प्रीति पंथी, नायब तहसीलदार राजेंद्र कुमार श्रीवास्तव,थाना प्रभारी त्रिवेंद्र त्रिवेदी, एस आई अवधेश दुबे, कनिष्ठ अभियंता विद्युत शिव कीर्ति शुक्ला सहित पत्रकार गण शान्ति समिति के सदस्य एवं गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

### ग्राम पंचायत सांगा का मामला: बारिश में फूट गया था तालाब, अब हो रही पानी की कमी

# बारिश में फूटे तालाब की मरम्मत कराना भूले अफसर, फसल प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेड़ा



**तेन्दूखेड़ा।** जनपद पंचायत तेंदूखेड़ा के सांगा ग्राम में बारिश के सीजन में एक तालाब फूट गया था, जिसके बाद दर्जनों किसानों की खेती बर्बाद हो गई थी और उसके बाद आज तक उस तालाब में सुधार कार्य नहीं हुआ है। जिस कारण रबी की फसल की खेती करने की सांगा ग्राम के किसानों को मिली है क्योंकि उसी तालाब से उनको फसल के लिए मानी मिलता था, लेकिन तालाब फूटने के बाद अब उनके खेत बंजर पड़े हुए हैं। जिस तालाब के फूटने से किसानों की फसल खराब हुई थी वह काफी पुराना था और नरेगा योजना से उसकी मरम्मत कार्य कराया गया था लेकिन वन विभाग ने बीच में कार्य रोक दिया और बाद में तालाब फूट गया, पर उसके बाद ध्यान नहीं दिया। सांगा ग्राम में जो तालाब बना था वह पूर्व मंत्री स्व. रत्नेश सालोमन के समय में बनवाया गया था और उस तालाब से कई एकड़ खेती की सिंचाई होती थी लेकिन तालाब फूटने के बाद अब ग्राम के किसानों के खेतों में न तो फसल की उपज हो पा रही है और न तालाब का निर्माण हो पा रहा है। सांगा ग्राम के किसानों ने बताया कि तालाब के पानी से खेतों में लगी फसलों की सिंचाई होती थी और गर्मियों के दिनों में जब ग्राम में पानी की समस्या बनती थी तो तालाब के पानी का सहारा होता था पर अब तो तालाब में पानी ही नहीं बचा है। ऐसी स्थिति में कई एकड़ खेती खाली पड़ी है और जिन लोग के खेत तालाब फूटने से प्रभावित हुए हैं, वह अब मजदूरी करके अपना और परिवार का भरण पोषण कर रहे हैं। ग्राम सांगा के रहवासियों ने बताया कि तालाब में प्रतिवर्ष पर्याप्त पानी रहता था और उस पानी से पूरे ग्राम के साथ आसपास के मवेशियों की प्यास बुझा करती थी। तालाब आकर में इतना बड़ा था कि गर्मियों के दिनों में भी पर्याप्त पानी भरा रहता था, इसलिए मवेशियों के लिए जलसंकट की स्थिति निर्मित नहीं होती थी लेकिन अब तालाब फूटने के बाद इनमें सुधार कार्य नहीं कराया गया है। जिस कारण देखते ही देखते तालाब में भरा पानी खत्म हो गया और अब तालाब पूरी तरह सूखने की कगार में पहुंच गया है।

#### दोनों सीजन की फसल खराब

किसानों ने बताया कि दो फसलें खराब हो गई हैं। पहली फसल बारिश में तालाब फूटने से और दूसरी फसल की तो बोवनी ही नहीं कर पाए, क्योंकि तालाब में पानी नहीं था। अब गर्मी के बीतने के बाद बारिश का समय आने वाला है। यदि तालाब की मरम्मत नहीं हुई तो फिर से खेती करने में दिक्कत होगी। बारिश के भरोसे खेती करते भी हैं तो तेज बारिश में तालाब में पानी फिर ठहरेगा और उसी जगह से तेज रफ्तार में बढ़ेगा, जहां से तालाब टूटा हुआ है। जिससे खेतों में लगी फसलों को फिर नुकसान होगा। किसानों ने कहा कि तालाब में सुधार के लिए कई बार वन अधिकारियों से कह चुके हैं पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

#### पूर्व में नरेगा योजना से थी मरम्मत

किसानों ने बताया जिस तालाब के फूटने से किसानो की फसल खराब हुई थी वह काफी पुराना था और नरेगा योजना से पूर्व में उसका मरम्मत कार्य कराया गया था पर वन विभाग ने बीच में कार्य रोक दिया और बाद में तालाब फूट गया लेकिन उसके बाद आज तक उसकी मरम्मत नहीं हुई है। तालाब वन भूमि के अधीन बना हुआ है और तीन वर्ष पूर्व इस तालाब की मरम्मत का कार्य तेजगढ़ वन परिक्षेत्र द्वारा कराया गया था। घटिया कार्य के चलते तालाब में धीरे धीरे रिसाव हुआ और फिर फूट गया और आज भी उसी हालत में है। जिसे कोई देखने वाला नहीं है।

जब इस संबंध में तेजगढ़ रेंजर नीरज पांडेय से बात की तो उन्होंने कहा कि तालाब फूटने से कई किसानों रबी सीजन में बोवनी नहीं कर पाए थे, इसकी जानकारी हम लोगों को है। तालाब की मरम्मत का कार्य नरेगा योजना से हुआ था, उसकी अभी राशि बची हुई है, उसी राशि से मरम्मत कार्य कराया जाएगा।

## फूलों से लबरेज हो उठे पलाश



**हटा।** फाल्गुन माह में बसंत आते ही पलाश के पेड़ों में फूल आने लगे हैं इन पेड़ों में लगे खूबसूरत फूलों का नजारा राहगीरों को अपनी ओर आकर्षित कर रहा है। कोई इसे पलाश तो कोई इसे टेसू कहता है, कभी इन्हीं फूलों से रंग बनाकर होली खेली जाती थी आज भी कुछ लोग इसका रंग बनाते हैं और भगवान को अर्पित करते हैं। इसके रंग से किसी भी तरह का कोई नुकसान नहीं होता क्योंकि आजकल बाजारों में जो रंग या गुलाल बिक रहे हैं उनको लगाने से चेहरे पर झुर्रियां पड़ने लगते हैं और बालों में भी नुकसान होता है लेकिन ग्रामीण आदिवासी लोग आज भी इन पलाश के फूलों का इस्तेमाल करते हुए इनका रंग बनाते हैं। पलाश के फूल बसंत ऋतु के समय मिलते हैं जो कि फाल्गुन महीने का एहसास दिलाते है। पलाश के फूलों से जैविक रंग और गुलाल तैयार किया जाता है और उनके फूलों से आयुर्वेदिक दवा भी बनाई जाती है जो इस समय खेतों ओर सड़क के किनारे लगी पलाश की पेड़ों में आए खूबसूरत फूल लोगों को खूब आकर्षित कर रहे हैं।

## नगर मछरया संग की गरिमामय बैठक संपन्न



**हिण्डोरिया।** स्थानीय बस स्टैंड के पास स्थित नन्नेतला की पार पर नगर के बारह मासी शिकार खेलने वाले शिकारियों के अस्थायी मछरया संघ की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता वरिष्ठ शिकारी कलू रैकवार ने की। बैठक का आयोजन एवं संचालन सुजात खान व्दारा किया गया। बैठक में सर्व सहमति से तय हुआ कि संग का कोई भी शिकारी करंट , दानामेंट या जहर खुरानी के माध्यम से शिकार नही करेगा। और ना ही किसी को इन जान लेवा तरीकों से मछली की शिकार ही करने देगा। साथ ही संघ शासन-प्रशासन के मत्स्य पालन एवं आखेट को लेकर समय-समय पर जारी होने वाले सभी दिशा निर्देशों का भी पालन करेगा । बैठक में बांस की डग्गी, लमडोर, डग्गा, दांवनी, जाली से ही शिकार करने की बात तय हुई। बैठक में हारून खान, अखतर खान, टम्मा भाईजान, कलीम मासाब, इस्लाम शा, राजा नूरी, यूनुस खान ,सुरेश साहू ,अन्नू शाह, गन्नु चौरसिया, रमेश अहिरवार, राजू अहिरवार, अकरम कुन्दन, मोनू शाह , गुलाम बादशाह,अकील शाह, अहमद खान सहित संग के अनेक सदस्य मौजूद रहे।

## प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिऐशन हिण्डोरिया के चुनाव संपन्न

**हिण्डोरिया।** प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन म. प्र. भोपाल जिला दमोह उप तहसील हिण्डोरिया शाखा के 3 वर्षों के लिये चुनाव संम्पन्न हुये। बैठक मे नगर के वरिष्ठ पेंशनर्स दुर्गा प्रसाद चौरसिया को पुनः निर्विरोध सर्व सहमति से उप-तहसील शाखा हिण्डोरिया का अध्यक्ष चुन लिया गया है। इसके साथ ही शाखा मे उपाध्यक्ष वरिष्ठ पेंशनर्स हाजी नवाब खान एवं राम अवतार वर्मा, सचिव अमृतलाल अहिरवार, कोषाध्यक्ष मुस्ताक खान, जिला प्रतिनिधि मुन्ना लाल कोरी, धनीराम चौरसिया, तहसील प्रभारी एवं प्रवक्ता हाजी शमीम खान को नियुक्त किया गया। उपरोक्त चुनाव सरंक्षक मण्डल के वरिष्ठ पेंशनर्स पूरन लाल नामदेव दादा एवं नारायण सिंह के विशेष मार्गदर्शन एवं उपस्थिति में शांति पूर्वक संम्पन्न कराये गये। चयनित सभी पदाधिकारियों का करतल ध्वनि के साथ हर्ष व्यक्त कर स्वागत किया गया।

## बूथ विजय संकल्प की बैठक में रखी ग्रामीणों ने समस्याएं



**मडियादौ।** केन वेतवा लिंक परियोजना अंतर्गत मडियादो क्षेत्र की लगभग 12 सौ एकड़ शासकीय राजस्व भूमि पन्ना टाइगर रिजर्व को हस्तांतरित करने के लिए सयुक्त रूप से वन विभाग ओर राजस्व विभाग द्वारा भूमि सीमांकन किया जा रहा है। यह भूमि हस्तांतरण को लेकर क्षेत्र में आदिवासी वर्ग चिंतित है। वनाचाल में चल रही इस प्रक्रिया के बाद भूमि हस्तांतरण पर आपत्ति भी दर्ज कराई जा चुकी है।इसी बात को लेकर बछामा गांव में 4 गांव के लोगो का सामूहिक जुड़ाव भी हुआ। वही शुक्रवार को बूथ विजय संकल्प के अंतर्गत बछामा पहुंचे भाजपा नेताओ को ग्रामीणों ने अपनी समस्या से अवगत कराया। ग्रामीणों ने बताया की वह तीन पीढ़ी से काबिज है। अब अगर जमीन जाती है तो जीवन यापन मुश्किल हो जायेगा। अगर ऐसा हुआ तो बनाचल में अपने हक की लड़ाई लड़ेगा। हटा विधायक उमादेवी खटीक द्वारा बताया गया की इस संबंध में अधिकारियो से बात की है किसी भी हाल में काबिज भूमि हस्तांतरित नही की जाएगी। जंगल और खाली पड़ी भूमि दी जा रही है। ग्रामीणों को परेशानी न हो इस बात का ध्यान रखा जाएगा। इसके अलावा इस योजना से क्षेत्र का विकास होगा। किसानों के हित में यह योजना मील का पत्थर साबित होगी। इस दौरान कमलेश चोउदा, प्रदीप गुप्ता, लक्ष्मण तिवारी, चंद्रभान पटेल सहित श्यामरसिंगी, मदनपुरा, उदयपुरा ककरा आदि गांव के लोग उपस्थित रहे।

## सुंदरकांड पाठ का हुआ आयोजन




हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

शहर के असाटी वार्ड नंबर एक संस्कार भवन में असाटी महिला मंडल समिति के द्वारा चलाई जा रही मासिक सुंदरकांड की श्रृंखला की मार्च माह की आयोजक श्रीमती प्रियंका नितेश असाटी कटारिया परिवार रही जिसमें सुंदरकांड पाठ का आयोजन हुआ असाटी समाज में प्रति माह हर परिवार से एक बहन आगे आकर इस श्रृंखला को नियमित रूप से कार्यक्रम को आगे बढ़ाने में पूर्ण सहभागिता दे रही है कार्यक्रम के शुभारंभ में राम दरबार के समक्ष पूजा अर्चना कर सुंदरकांड का आरंभ असाटी समाज की बहनों के द्वारा किया गया जिसमें श्रीमती रानी असाटी ,श्रीमती बसंती असाटी, श्रीमती अनीता असाटी ,श्रीमती मेघा असाटी, ने विशेष रूप से सुंदरकांड पाठ में सुंदर गायन ढोलक, झूला ,मंजीरे की जिम्मेदारी संभालते हुए सुंदरकांड को सफल बनाया जिसमें समाज की उपस्थित सभी बहनों ने सहयोग प्रदान किया सुंदरकांड के पश्चात सभी ने हनुमान चालीसा कर सामूहिक आरती की वही आयोजक श्रीमती प्रियंका असाटी के द्वारा विशेष सहयोग प्रदान करने वाली चारों बहनों को सुंदर उपहार देते हुए धन्यवाद दे प्रसाद वितरण एवं जलपान के साथ कार्यक्रम का सफल समापन किया गया।

## नवागत कलेक्टर का पुष्पगुच्छ भेंट कर किया स्वागत



**दमोह।** जिले के नवागत कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर का जिला/ जनपद पंचायत अधिकारी-कर्मचारी संघ के अध्यक्ष गोपाल अग्रवाल ने पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। अध्यक्ष श्री अग्रवाल ने संघ के पदाधिकारियों का परिचय भी दिया। इस अवसर पर वरिष्ठ उपाध्यक्ष राकेश नामदेव, सचिव कृष्ण कुमार दुबे, ब्लाक सचिव आरपी सोनी, संगठन सचिव बालकृष्ण प्रजापति, प्रचार सचिव अनिल रैकवार, हरगोविंद अहिरवार आदि मौजूद थे।

## मैजिक बॉक्स से की गई मिठाई एवं नमकीन की गुणवत्ता जांच



**हटा।** जिला कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर द्वारा दिये गये निर्देशों के तहत खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अंतर्गत खाद्य सुरक्षा अधिकारी माधवी बुधौलिया ने होली के त्यौहार के अवसर पर विशेष अभियान के तहत हटा नगर में मिठाई दुकानों पर निरीक्षण कार्यवाही करते हुए विभिन्न मिठाइयों एवं नमकीन के नमूनें जांच हेतु लिए। निरीक्षण की कार्यवाही में आजाद वार्ड स्थित न्यू बजरंग स्वीट्स का निरीक्षण किया गया मौके पर विक्रय हो रहे मलाई बर्फी स्वीट, सेव नमकीन एवं पनीर के नमूने जांच हेतु लिये गये। इसी प्रकार बड़ा बाजार स्थित गुजरात स्वीट्स से बेसन लड्डू एवं मठरी के नमूनें जांच हेतु लिए गए बड़ा बाजार स्थित विभिन्न मिठाई दुकानों में बिक रही मिठाई की गुणवत्ता जांच मैजिक बॉक्स से की गई। इसी तरह मंदिर मस्जिद चौराहा स्थित बजरंग स्वीट्स से मिल्क केक का नमूना जांच हेतु लिया गया है। इन मिठाइयों एवं नमकीन के नमूनों को जांच हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजा गया है। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर इस संबंध में नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही की जाएगी। उक्त मिठाई दुकानों में संग्रहित पेड़ा, बेसन सेव, नमकीन, कलाकंद, दूध बर्फी, पनीर, मिल्क केक, मावा गुजिया, बूंदी लड्डू, बेसन लड्डू, मिल्क केक, मलाई बर्फी, फूड कलर, मगज लड्डू की गुणवत्ता की प्राथमिक जांच मैजिक बॉक्स की सहायता से की गई।

## सनातन की रक्षा के लिए जागरूक बने : प्रदीप शास्त्री

**बनवार।** बनवार ग्राम में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के साथ साथ सनातनियों को जागृत करने और धर्म का प्रचार प्रसार करने का काम 14 वर्ष से करने वाले प्रदीप शास्त्री का कहना है हिंदू युवाओं को जागृत करने एवं उन्हें सनातन धर्म के प्रति आस्था रखने के लिए जरूरी है। जन जागरण अभियान चलाने की। उन्होंने कहा कि हम अपने धर्म के खिलाफ आचरण करने वालों के साथ कभी खड़े मत रहो। सनातन धर्म की रक्षा करना सीखना है तो महाराणा प्रताप से सीखिए। उन्होंने घास की रोटी खाई पर अपने धर्म और स्वाभिमान से समझौता नहीं किया। अपने स्वाभिमान को जागृत करें। सनातन की रक्षा के लिए खुद भी जगे और दूसरों को भी जगाए। ये विचार प्रदीप शास्त्री बनवार ने आयोजित श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सातवे दिवस व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि संत ओर ग्रंथ भगवान की वाणी है। उनके बताए मार्ग पर चलना सनातनियों का दायित्व है। भगवान को ढूंढने की इच्छा रखो तो मानव खुद तुम्हारे पीछे घूमेगा। हम किसी का बुरा नहीं सोचते और न बुरा देखते है तो घर बैठे ही साधु है। कोई भी सांसारिक साधन बच्चों का जीवन सुखमय नहीं बना सकता। केवल भगवान का नाम ही कवच है जो बच्चों को यहां भी ओर परभव में भी सुखी रखेंगे।

## नाटकीय टीबी जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन



**दमोह।** राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत 24 मार्च, विश्व क्षय दिवस के उपलक्ष्य में एकलव्य विश्वविद्यालय कोरासा, दमोह में टीबी जन जागरूकता कार्यशाला, चित्रकला प्रतियोगिता एवं नाटकीय टीबी जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला क्षय अधिकारी डॉक्टर गौरव जैन के मुख्य अतिथि रहे, एकलव्य विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. पवन कुमार जैन, कुल सचिव डॉ. प्रफुल्ल शर्मा, परीक्षा नियंत्रक डॉक्टर प्रकाश खमपारिया, प्राचार्य ओजसवनी कॉलेज डॉक्टर शमा खानम, अधिष्ठाता स्कूल आफ नर्सिंग डॉक्टर बसंथा प्रिया जे, अधिष्ठाता एकेडमिक डॉ. अर्चना पाठक, छात्र कल्याण अधिष्ठाता डॉक्टर शैलेंद्र जैन, सहायक प्राध्यापक डॉक्टर दिनेश कुमार एवं उप प्राचार्य श्रीमती गीता कुमारी कार्यक्रम में उपस्थिति रही। सरस्वती माता के पूजन से कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया, उक्त मंचासीन अतिथियों का स्वागत नर्सिंग कॉलेज के छात्र और छात्राओं ने पौधे देकर किया। मुख्य वक्ता के रूप में डीटीओ डॉक्टर गौरव जैन ने 24 मार्च विश्व क्षय दिवस के उपलक्ष्य में टीबी उन्मूलन के लिए क्या-क्या तैयारी की जा रही हैं। विस्तार से जानकारी दी साथ में टीबी के लक्षण, जांच, दवाइयां एवं शासकीय योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। जिला कार्यक्रम समन्वयक दीपक सिंह राजपूत ने निक्षय मित्र बनकर गरीब टीबी मरीजों को गोद लेने की प्रक्रिया को बताया। श्री राजपूत ने बताया कि विश्व क्षय दिवस पखवाड़ा मैं अभी तक 10 नि_ क्षय मित्र बनाए गए है। कार्यशाला मैं सभी भक्तों ने अपने-अपने विचार रखे और टीबी को खत्म करने के लिए अपनी-अपनी सहभागिता देने के लिए संकल्प लिया। नर्सिंग की छात्र-छात्राओं के द्वारा टीबी रोग के प्रति जागरूक करने के लिए पेंटिंग बनाई गई। जिसमें प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार वितरित किए गए। साथ में टीबी की बीमारी को सरल भाषा में आमजन मानस को समझने के लिए एक नाटक तैयार किया गया। जो शोले फिल्म पर आधारित रहा, जिसमें टीबी की बीमारी को कैसे खत्म करना है, सरलता से ग्रामीण भाषा में बताया गया। अंत में कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए STLS भूषण पटेल, नर्सिंग कॉलेज के छात्र-छात्राएं उपस्थित हुए, आभार प्रदर्शन STS श्री चेतन अग्रवाल के द्वारा माना गया।

## पन्ना पुलिस द्वारा 7 जुआरियों के विरूद्ध की गई वैधानिक कार्यवाही

**पन्ना।** पुलिस अधीक्षक पन्ना साईं कृष्णा एस.थोटा द्वारा पन्ना जिले के समस्त थाना एवं चौकी प्रभारियों को जुआँ सट्टा की रोकथाम हेतु एक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक पन्ना के निर्देशन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती आरती सिंह व पन्ना जिले के समस्त अनुविभागीय अधिकारी पुलिस के मार्गदर्शन एवं पन्ना जिले के समस्त थाना/चौकी प्रभारियों के नेतृत्व में थाना/चौकी स्तर पर पुलिस टीमों का गठन किया गया है। इसी तारतम्य में थाना देवेन्द्रनगर में थाना प्रभारी देवेन्द्रनगर निरीक्षक अनूप यादव के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम द्वारा अपने मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया।

## विश्व मुख स्वास्थ्य दिवस मनाया

**दमोह।** नेशनल ओरल हेल्थ प्रोग्राम के अंतर्गत जिला अस्पताल दमोह में मुख स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता लाने हेतु 20 मार्च से 10 अप्रैल तक चलने वाले अभियान का प्रारंभ हुआ। 20 मार्च 2024 विश्व मुख स्वास्थ्य दिवस पर सीएमएचओ महोदया डॉ सरोजिनी जेम्स व अस्पताल अधीक्षक डॉ राजेश नामदेव के सहयोग व मार्गदर्शन में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसमें वार्डों में भर्ती मरीजों का दंत चिकित्सक डॉ नितिन सेन, डॉ वर्षा पटेल, डॉ कोमल घावरी, डॉ सोमेश मिश्रा, डॉ संजना मोसेस द्वारा मुख परीक्षण किया गया। डाक्टर्स को मुख स्वास्थ्य को प्रेरित करने की शपथ डॉ राघवेंद्र चौधरी द्वारा दिलाई गई। इस उपलक्ष्य में एक रैली का भी आयोजन किया गया। इस उपलक्ष में वरिष्ठ चिकित्सक डॉ प्रहलाद पटेल, वरिष्ठ स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ संगीता त्रिवेदी, वरिष्ठ शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ सोनू शर्मा व दंत शल्य चिकित्सक डॉ राघवेंद्र कुमार चौधरी ने मुख स्वास्थ्य से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां साझा की। समस्त कार्यक्रम वरिष्ठ दंत शल्य चिकित्सक आरएमओ - 2 व दंत विभाग प्रभारी डॉ मनीष संगतानी के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

## खबर संक्षेप

### वृद्धाश्रम दमोह में विधिक जागरूकता शिविर सम्पन्न

**दमोह ।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर द्वारा दिये गये निर्देशों के तहत प्रिंसिपल जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष रेणुका कंचन एवं जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव अम्बुज पाण्डेय की उपस्थिति में वरिष्ठ नागरिक के अधिकारों के संबंध में स्थानीय वृद्धा आश्रम दमोह में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में प्रथम जिला न्यायाधीश श्रीमती आरती शुक्ला पाण्डेय, जिला विधिक सहायता अधिकारी रजनीश चैरसिया, प्रबंधक वीरेन्द्र असाटी, वृद्धाश्रम के कर्मचारीगण एवं वृद्धजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम में प्रथम जिला न्यायाधीश आरती शुक्ला पाण्डेय ने वृद्धजन को माता-पिता और वरिष्ठ नागरिकों के भरण-पोषण और कल्याण अधिनियम 2007 के संबंध में जानकारी दी गई। साथ ही वृद्धजन के स्वास्थ्य संबंधी जानकारी प्राप्त की गई एवं किसी भी प्रकार की समस्या होने पर अपना आवेदन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में किये जाने के संबंध में बताया गया। इस मौके पर आपस में मिलजुल कर रहने की सलाह दी गयी। आपने कहा लोगों को अपना अधिक से अधिक समय भजन-कीर्तन एवं गीता-रामायण के पाठ में लगाना चाहिए जिससे कि आप अपने समय का सदुपयोग कर सकें।

### कर्मचारी की करंट लगने से मौत

**सगोनी।** सगोनी टीआरडी सलैया डिपो में कार्यरत कर्मचारी किशोर कुमार मीणा को कार्य करते समय करंट लगने से दुखद निधन हो गया। रेल विभाग में हाई टेंशन लाइन सागौनी घटेरा रेल खंड में सुधार कार्य के चलते किशोर मीणा कार्यरत थे, करेंट लगने से गंभीर हालत में दमोह लाए गया जहा इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है।

### मतदाता जागरूकता का दे रहे संदेश

**दमोह।** आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से दमोह जिले के विभिन्न शासकीय संस्थाओं, शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयो एवं महाविद्यालयो में प्रतिदिन मतदाताओं को जागरूक करने की गतिविधियां आयोजित की जा रही है। इसके तहत सेल्फी के माध्यम से ज्ञानचंद श्रीवास्तव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय दमोह के गणित के प्राध्यापक डॉ. के. के. कोरी ने लोकतंत्र को मजबूत बनाने में युवाओं की भागीदारी के साथ-साथ बड़े पदों पर आसीन पदाधिकारियो द्वारा जागरूकता का संदेश दिया।

### प्रथम दृष्टया फरार बेटे पर शक, पुलिस जांच में जुटी

# खेत में बने कच्चे मकान में मिला वृद्धा का शव, हत्या की आशंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार

नोहटा थाना क्षेत्र के हथनी पिपरिया निवासी वृद्धा का शव शुक्रवार सुबह उसी की खेत में बने कच्चे मकान में संदिग्ध हालात में मिला। सिर में गंभीर चोटें के अलावा शरीर ने हल्की फुलकी चोटें है। शव देर रात्रि का बताया जाता है पुलिस को इसकी सूचना आज सुबह 10 बजे के करीब दी गई। पुलिस हत्या की आशंका को लेकर जांच कर रही है। मृतिका को उसका बेटा एक दिन पहले अपने साथ लाया। उसी मकान से यह वारदात सामने आई है। भले ही मौत के पीछे का कारण पीएम रिपोर्ट के बाद स्पष्ट होगा। लेकिन मृतिका के बड़े बेटे और नातिन ने रतियावाई की हत्या का आरोप अपने छोटे भाई चाचा पर लगाया जा रहा है। जानकारी के मुताबिक हथनी पिपरिया निवासी रतिया बाई



65 वर्ष अपने छोटे बेटे के साथ खेत में बने कच्चे मकान में थी। उसी मकान से संदिग्ध अवस्था में शव मिला है। मृतिका के सिर गंभीर घाव के निशान जिससे प्रतीत होता है किसी धारदार कुल्हाड़ी जैसे हथियार से सिर पर पर किया गया हो इसे देखकर लग रहा था जैसे वहां किसी से संघर्ष हुआ हो। सूचना पर मौके पर पुलिस पहुंची है। बताया जाता है मृतिका के छोटे बेटे पर हत्या की शक व्यक्त की जा रही है। वही एक दिन पहले कुएं में गिरने की बात भी सामने आ रही और बड़े बेटे के अनुसार मां को उपचार के दमोह ले जाना बताया जा रहा है। पुलिस के मुताबिक अभी मर्ग कायम किया है। पोस्टमार्टम के बाद मौत का कारण स्पष्ट हो पाएगा कि हत्या या फिर कोई अन्य कारण है। शव पीएम का दमोह में किया गया है। पीएम रिपोर्ट का इंतजार है। वही सुबह से मृतिका का छोटा बेटा मोहन अहिरवार घटना स्थल से गायब है।और वृद्धा के बड़े बेटे एवं नातिन के द्वारा मोहन पर ही हत्या करने का आरोप लगाया है। वहीं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप मिश्रा का कहना है शव का पोस्टमार्टम दमोह में किया मर्ग कायम कर जांच की जा रही है।

# सड़क से 5 फीट ऊंचाई पर झूल रही हाई वोल्टेज लाइन, हादसों को दे रहीं न्योता



हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहपुर

बटियागढ़ ब्लॉक के ग्राम फतेहपुर में 5 फीट ऊंचाई पर झूल रही हाई वोल्टेज लाइन हादसों को न्यौता दे रही है। अधिकारी मौन बने हुये है। मामला बटियागढ़ ब्लॉक के फतेहपुर गांव का है जहां हाल में ही सड़क से 5 फीट ऊंचाई पर हाई वोल्टेज लाइन झूल रही है। इसी मार्ग से स्कूली छात्र व पाच से अधिक परिवार निकलते है। इस स्थल पर बड़ी घटना हो सकती है। ग्रामीणों के अनुसार वह इस मामले की जानकारी विभाग को कई बार दे चुके हैं। जमीन में करंट फैलने से एक मवेशी की मौत होने से बच गई। वही ग्रामीणों ने आरोप लगाया है की लाइनमैन लोकराम गौड़ को फोन लगाते हैं तो उनका फोन बंद बताता है। इस संबंध में लाइनमैन लोकराम गौड़ से बात करनी चाही तो उनका फोन स्विच ऑफ था।

# विधान में कर्मों का चयन नहीं कर्मों का दहन होता है- आर्यिका गुरुमति माताजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

विधान में कर्मों का चयन नहीं कर्मों का दहन होता है। कर्मों के दहन की प्रक्रिया से ही आत्मा को मुक्ति मिल सकती है। आज का मानव अपने प्राकृतिक स्वभाव को भूलकर विभाव में परणीत हो रहा है जिस तरह सूर्य पर बादलों का आवरण आ जाता है फिर भी उसका उदय होता है कितने भी घने बादल हो हमें रोशनी का एहसास होता है। इसी तरह आत्मा पर कर्मों का आवरण आ गया है जिससे आत्मा की अनंत शक्ति प्रकट नहीं हो पा रही है। धार्मिक क्रियायो से आत्मा के कर्म रूपी आवरण कम होते। उपरोक्त उदगार आर्यिका श्री गुरुमति माताजी ने जैन धर्मशाला में चल रहे सिद्ध चक्र महामंडल विधान में अभिव्यक्त किय इस मौके पर शांति धारा करने का सौभाग्य राजेश जैन को प्राप्त हुआ। महाआरती करने का सौभाग्य विधान के कुबेर परिवार कुंडलपुर कमेटी के पूर्व कोषाध्यक्ष चंद्र कुमार खजरी वालों को प्राप्त हुआ। शास्त्र भेंट करने का सौभाग्य



गौरव प्रिंसी जैन को प्राप्त हुआ विधान में 256 अर्ग समर्पित किए गए। इस मौके पर कुंडलपुर क्षेत्र कमेटी के पूर्व अध्यक्ष संतोष सिंघई, नवीन निराला, रानू पारस, सुनील वेजीटेरियन, शैलेंद्र मयूर, महेश दिगंबर, महेश बड़कुल आदि की विशेष उपस्थिति रही। बड़े मंदिर की महिला मंडल के द्वारा विधान में द्रव्य समर्पित की गई। इस अवसर पर आर्यका आराध्यमती माताजी ने कहा कि जिस तरह भारत में प्रवेश के लिए इंडिया गेट भारत द्वार है। इस तरह कुंडलपुर जाने के लिए प्रवेश द्वार दमोह है। कुंडलपुर के बड़े बाबा के कारण ही हम सबको छोटे बाबा आचार्य श्री विद्यासागर जी प्राप्त हुए थे। बड़े बाबा के आशीर्वाद से वे बुंदेलखंड में ज्ञान की गंगा बहाते रहे है। आचार्य श्री हमारी आंखों के सामने नहीं है किंतु आंखों में तो है आचार्य श्री सदैव भक्तों के दिलों में वास करते रहेंगे। जीवन की प्रत्येक अनमोल धरोहर हमें आचार्य श्री के आशीर्वाद से ही प्राप्त हुई। लाखों भक्तों को उन्होंने मोक्ष मार्ग पर अग्रसर किया। गुरु के उपकारों को कभी नहीं भूलाया जा सकता।

## स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव संपन्न कराना हैं यह हम सबकी जिम्मेदारी - कलेक्टर



**दमोह।** हम सबको टीम के रूप में स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी रूप से चुनाव संपन्न कराना हैं, यह हम सबकी जिम्मेदारी और उत्तरदायित्व हैं। इस उत्तरदायित्व को जैसा हमने पहले विधानसभा निर्वाचन में निर्वाह किया था, वैसे ही लोकसभा निर्वाचन में भी हम इसे अच्छे से निर्वहन करेंगे। इस आशय के विचार कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुधीर कुमार कोचर ने कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में मीडियाजनों के प्रशिक्षण के दौरान व्यक्त किए। इस मौके पर अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी मीना मसराम, प्रशिक्षण नोडल अधिकारी श्री द्विवेदी सहित मीडियाजन मौजूद थे। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कोचर ने कहा प्रशिक्षण का फायदा यह होता हैं कि सब लोग एक ही बराबरी पर आ जाते हैं, प्रशिक्षण हम सबको बराबर में लाकर खड़ा कर देता है, क्योंकि एक जैसी जानकारी सबके पास हो जाती है, सब चीज सबके सामने क्लियर रहती हैं। उन्होंने कहा बहुत खुशी की बात है आज हम सब लोग यहां पर उपस्थित हुए हैं। मैं आप सबका जिला प्रशासन की तरफ से हार्दिक स्वागत करता हूं, जैसा कि सबको पता हैं, लोकसभा निर्वाचन 2024 के आयोजन की अधिसूचना जारी हो चुकी है, निर्वाचन संबंधी गतिविधियां लगातार चल रही है। निर्वाचन का बहुत महत्वपूर्ण पहलू प्रशिक्षण होता है, मतदान कुर्मी, पुलिसकर्मी, मीडियाजनों का प्रशिक्षण आयोजन समय-समय पर किया जाता हैं। उप जिला निर्वाचन अधिकारी तथा अपर कलेक्टर मीना मसराम ने कहा हम सबको मिलकर निष्पक्ष निर्वाचन सम्पन्न करवाना हैं। आप सभी का सहयोग मिलता रहेगा, पिछले निर्वाचन में भी कोई समस्या नहीं गई थी, इस इस बार भी यही अपेक्षा सबसे है। इलेक्ट्रानिक एवं प्रिंट मीडियाजनों को प्रशिक्षण नोडल अधिकारी मुकेश द्विवेदी ने पीपीटी के माध्यम से प्रशिक्षण प्रदान किया। इस दौरान जनसंपर्क अधिकारी वाय ए कुरैशी, प्रशिक्षणकर्ता एवं डीपीसी मुकेश द्विवेदी, अली हसन सहित निर्वाचन कार्यालय के अधिकारी-कर्मचारीगण, मीडियाजन मौजूद रहे।

## कुंडलपुर महोत्सव की तैयारियां, कलेक्टर ने ली समीक्षा बैठक



**कुंडलपुर।** सुप्रसिद्ध सिद्ध क्षेत्र जैन तीर्थ कुंडलपुर में 16 अप्रैल को आयोजित आचार्य पद पदारोहण अनुष्ठान महामहोत्सव को लेकर कुंडलपुर ऑफिस में एक बैठक आयोजित की गई। दमोह कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर एवं पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी ने अधिकारियों के साथ विभिन्न समितियों के प्रभारियों के साथ चल रही तैयारियों की समीक्षा की।सफाई व्यवस्था ,विद्युत व्यवस्था, स्वास्थ्य व्यवस्था ,बैरीकेड व्यवस्था, जलप्रदाय व्यवस्था ,यातायात, सुरक्षा व्यवस्था, जलापूर्ति व्यवस्था आदि पर सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए ।इस अवसर पर कुंडलपुर क्षेत्र कमेटी के अध्यक्ष चंद्रकुमार सराफ ,संयोजक वीरेश सेठ, सहसंयोजक सुधा मलैया सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी सदस्यों की उपस्थिति रही।

### आज मुनि संघ की अगवानी

कुण्डलपुर महोत्सव को लेकर लगातार मुनि व आर्यिका संघो का आगमन बड़े बाबा की नगरी कुण्डलपुर में हो रहा है। आज शनिवार को निर्यापक श्रमण मुनि श्री अभय सागरजी, निर्यापक श्रमण मुनि श्री संभव सागर जी की भव्य अगवानी कुण्डलपुर सिद्ध क्षेत्र में होगी। इसके साथ ही दमोह से विहार कर रहे मुनि श्री प्रभात सागर जी ससंघ सहित 14 मुनिराजों की अगवानी कुण्डलपुर में होगी। क्षेत्र कमेटी द्वारा श्रद्धालुओं से इस अवसर पर उपस्थिति की अपील की है।

## खुलेआम हो रही सट्टे की बुकिंग, अंकुश नहीं

**हटा।** कभी चोरी चुपके चलने वाला सट्टा आजकल कानून की ढीली पकड़ की वजह से नगर में खुलेआम संचालित हो रहा है। ओपन क्लोज और रनिंग के नाम से चर्चित इस खेल में जिस प्रकार सब कुछ ओपन हो रहा है उससे यही प्रतीत होता है कि प्रमुख सटोरयो को कानून का कोई खौफ नहीं रह गया है। दरअसल हटा नगर के साथ आसपास के गांव में कानून व्यवस्था को धता बताते हुए दुकानों पर खुलेआम दाव लगाने की खबरों ने जोर पकड़ लिया है वही आम लोगों में तरह-तरह की चर्चाओं का दौर भी शुरू हो गया है खैर जो भी हो लेकिन इस अवैध कारोबार पर नकेल कसना जरूरी है। सट्टे का कारोबार गली कूचो या फिर दुकानों दुकानों में चल रहा है। सट्टे के बढ़ते कारोबार का अंदाजा इस बात से भी लगाया जा सकता है कि महिलाएं एवं बच्चे भी दिन रात अंकों के जाल में उलझे रहते हैं। नगर में प्रमुख सटोरियों के एजेंट जो पट्टी काटते हैं प्रायः हर गली मोहल्ले में आसानी से नजर आते हैं। इनमें से कुछ आदतन किस्म के लोग चंडी जी चौराहे के पुलिस चौकी के आसपास खुलेआम दिनदहाड़े देखे जा सकते हैं इसके अलावा चंडी जी वार्ड एरिया में कई जगह सट्टे की बुकिंग की जा रही है इसके अलावा राय चौराहा, खचना नाका, बस स्टैंड, बड़ा बाजार, गौरीशंकर वार्ड, बजरिया, नायक तिगड्डा सहित अन्य क्षेत्रों में खुलेआम सट्टा पर्ची काटकर एवं मोबाइल के माध्यम से भी इस अवैध कारोबार को संचालित कर लोगों की गाड़ी कमाई पर डाका डाल रहे हैं , जिसकी जानकारी शायद पुलिस को छोड़कर सभी को है।

# मीजल्स रूबेला टीकाकरण अधिकारियों द्वारा ली गई बैठक

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर द्वारा दिये गये निर्देशों के तहत हिण्डोरिया ब्लॉक के ग्राम इमलिया लॉजी, धनगौर मे जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. रेक्सन एल्बर्ट ने ग्रामीण जनो के साथ मीजल्स रूबेला बीमारी जिसे खसरा एवं ग्रामीणजनों मे छोटी माता के नाम से भी जाना जाता है, के सबंध में बैठक आयोजित की गई। उन्होंने कहा खसरा बीमारी वायरस से फैलने वाली जानलेवा बीमारी हैं, जिसमे शरीर पर लाल दाने के साथ बुखार आता हैं। ग्रामीणजनों को यह भी बताया कि अगर ग्राम मे लाल दानेदार बुखार वाला कोई भी बच्चा मिले तो उसकी सूचना तत्काल ग्राम मे पदस्थ आशा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के माध्यम से दी ताकि ऐंसे बच्चों का बेहतर उपचार किया जा सके। टीकाकरण अधिकारी ने कहा सूचना तत्काल मिलने पर स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा त्वरित उपचार



तत्काल ग्राम मे शुरू किया जा सकेगा। उन्होंने मीजल्स रूबेला टीकाकरण की महत्तवता को भी समझाते हुए कहा बच्चे को मीजल्स रूबेला के दो टीके लग जायें तो खसरा बीमारी होने की संभावना अत्याधिक कम हो जाती हैं। ग्राम मे विशेष अभियान चलाकर बच्चों को मीजल्स रूबेला टीका का एक अतिरिक्त डोज भी लगाया जा रहा हैं। साथ ही साथ 9 माह से 5 वर्ष तक के बच्चों को हर 6 महिने मे विटामिन-ए की खुराक पिलवायें जिससे उनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता अच्छी होती है। इसी क्रम में सागर जिले के जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. एम.एल. जैन से समन्वय स्थापित कर सागर और दमोह की सीमा से लगे हुये ग्रामों मे ग्राम धनगौर एवं ग्राम पिपरिया अहीर मे भी संयुक्त बैठक कर ग्रामीणजनो को भी मीजल्स रूबेला की रोकथाम करने व निमूलन करने हेतु संदेश देकर जन जागरूकता की गई। उक्त बैठक मे भोपाल से मॉनिटरिंग करने आये डॉ. रामकुमार राय, बीएमओ हिण्डोरिया, बीएमओ गढ़ाकोटा, बीपीएम, बीसीएम हिण्डोरिया सहित ग्रामीणजनों की उपस्थिति रही।

# गावों से लेकर शहर में भी बेल की बहार, पेड़ों में लदे फल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेड़ा

बेल के पेड़ को धार्मिक दृष्टि से बहुत उपयोगी माना जाता है। साथ ही इसका फल स्वास्थ्य के लिए भी काफी लाभप्रद होता है इन दिनों ग्रामीण क्षेत्रों से लेकर शहर तक में बेल के फल की बहार है। गांव के खेतों में और शहर में लोगों के घरों में लगे बेल के पेड़ फूलों से लदे हुए हैं जो लोगों को अपनी ओर अकर्षित कर रहे हैं। आयुर्वेद में बेल को स्वास्थ्य के लिए काफी लाभप्रद माना गया है। आयुर्वेद के अनुसार पका बेल फल मधुमेह रुचिकर पाचक तथा शीतल माना गया है। जानकारों की माने तो बेल फल गर्मियों के दिनों में बहुत ही फायदेमंद है कच्चा बेलफल रुखा पाचक वात-कप शूलनाशक व आतों के रोगों में उपयोगी होता है। डॉक्टर आर आर बागरी बताते हैं कि उदर विकारों में



बेल फल रामबाण दवा है। डॉक्टरों ने अनुसार अधिकांश रोगों की जड़ उदर विकार ही है। गर्मियों में बेल का फल सेवन करने से बारिश में होने वाली बीमारियों का खतरा कम हो जाता है। बेल के सेवन से आंव संग्रहणी बीमारी को लाभ मिलता है गर्मियों में प्रायः अतिसार की वजह से दस्त लगने लगते हैं ऐसे में कच्चे बेल फल को आग में भून कर रोगी को खिलाना फायदा करता है। लू लगने पर मिश्री मिलाकर बेल का शरबत पिलाने से फौरन राहत मिलती है

### जंगलों से गायब हो रहा बेल

दसक पहले तेन्दूखेड़ा वन परिक्षेत्र के जंगलों में जंगली बेल बहतायत मात्रा में हुआ करते थे जिसे आदिवासी लोग इस फल को पकने के बाद बाजारों में बेचते थे। जिसमें अच्छी आय होती थी लेकिन वनों से पेड़ों की अधाधुंध हुई कटाई का असर बेल के पेड़ों पर भी पड़ा है। दूसरी ओर गर्मियों के सीजन में हर वर्ष जंगलों में लगने वाली आग से भी वृक्ष लगभग विलुप्त होने की कगार पर पहुंच गए हैं। व्यापारी बताते हैं कि क्विंटलों की मात्रा में बेल कटनी दमोह जबलपुर नरसिंहपुर सागर छतरपुर एवं अन्य जिलों में मालवाहकों से भेजा जाता था लेकिन अब यह काम पूरी तरह से बंद हो चुका है हा गावों में जरूर बेल मिल जाते हैं लेकिन जंगल के बेल की अच्छी कीमत होती थी जो गांव के बेल में नहीं मिलती थी।

## विभिन्न कार्यालयों का जायजा लिया

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने आज अपरान्ह संयुक्त कलेक्टर कार्यालय में लग रहे विभिन्न कार्यालयों का जायजा लिया और आवश्यक निर्देश दिये। इस अवसर पर उन्होंने एनआईसी, अधीक्षक कक्ष, डिप्टी कलेक्टरों के बैठने वाले कक्ष, सर्वशिक्षा अभियान, पिछड़ा वर्ग, आबकारी, नजूल, कृषि, नगरीय प्रशासन, योजना, जनअभियान परिषद, लोकसेवा, जिला कोषालय, को-आपरेटिव्ह बैंक शाखा, अंत्यावसायी, पंचायत एवं सामाजिक न्याय, पेंशन, निर्वाचन शाखा, आवक-जावक कक्षों का जायजा लिया। उन्होंने लोकसभा निर्वाचन में उपयोग हो रहे कक्षों का भी जायजा लिया एमसीएमसी कक्ष पहुंचे और जानकारी ली। इस अवसर पर अपर कलेक्टर मीना मसराम, डिप्टी कलेक्टर ब्रजेन्द्र सिंह, डिप्टी कलेक्टर सौरभ गंधर्व सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद थे।

## मतदान केन्द्रों का लिया जायजा

### सिंग्रामपुर में स्थैतिक निगरानी दलों से चर्चा कर दिए अहम दिशा-निर्देश



**दमोह ।** निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत कार्यक्रम घोषित कर दिया गया है। इसी के तहत अपने मतदान केन्द्रों के निरीक्षण की श्रृंखला में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुधीर कुमार कोचर ने नोहटा एवं जबेरा के विभिन्न मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया और संबंधितों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने मतदान केन्द्रों पर बुनियादी सुविधाओं के तहत पेयजल, टॉयलेट सहित मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया। साथ ही जिले की सीमा पर सिंग्रामपुर में स्थित स्थैतिक निगरानी दलों से चर्चा की। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कोचर निरीक्षण के दौरान शासकीय कन्या माध्यमिक विद्यालय पहुंचे यहां पर उपलब्ध सुविधाएं देखते हुए साफ सफाई, ठंडे शुद्ध पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित करने के साथ मतदान हेतु निःशक्त एवं असहाय मतदाताओं को ध्यान में रखते हुए रैंप बनाने के लिए निर्देशित किया। निरीक्षण के दौरान सहायक रिटर्निग आफीसर एवं एसडीएम अविनाश रावत, डिप्टी कलेक्टर सौरभ गंधर्व, जनपद सीईओ रामेश्वर पटेल, तहसीलदार विवेक व्यास थाना प्रभारी धर्मेंद्र उपाध्याय, परियोजना अधिकारी रिंकल घनघोरिया, बीआरसी प्रमेन्द्र वैद्य, शाला प्रभारी राजेश राय सहित अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।